भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3820

दिनांक 17 मार्च, 2020 को उत्तरार्थ

पंचायतों का चुनाव

3820. श्री अक्षयवर लाल:

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राज्यों में आम जनता द्वारा प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव कराने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो कब तक चुनाव कराए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने चुनाव आयोग को आम जनता द्वारा सीधे मतदान के माध्यम से ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव कराने का प्रस्ताव भेजा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से आम जनता द्वारा प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुनाव कराने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (घ) जी नहीं, महोदय। 'पंचायत' 'स्थानीय शासन' होने के कारण, राज्य का विषय है और भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची का हिस्सा है। भारत के संविधान के भाग 9 में अनुच्छेद 243 द्वारा पंचायतों की स्थापना के लिए अधिदेश दिया गया है। तदनुसार, संबंधित राज्य पंचायती राज अधिनियमों के माध्यम से पंचायतें गठित होती हैं और संचालित होती हैं।

संविधान के अनुच्छेद 243ट(4) के अनुसार, किसी राज्य का विधान-मंडल, विधि द्वारा, पंचायतों के निर्वाचन से संबंधित या इससे जुड़े हुए सभी विषयों के संबंध में उपबंध बना सकता है। आगे, संविधान के अनुच्छेद 243ग(5)(ख) के अनुसार, मध्यवर्ती स्तर या जिला स्तर पर किसी पंचायत के अध्यक्ष का निर्वाचन, उसके निर्वाचित सदस्यों द्वारा, अपने में से किया जाएगा।

(च) जी हां, महोदय। पंचायती राज मंत्रालय ने आम जनता द्वारा प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव कराने के संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से दिनांक 10 अक्टूबर, 2019 का प्रस्ताव प्राप्त किया है। पंचायती राज मंत्रालय ने इस विषय पर विचार और टिप्पणी के लिए सभी राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र की सरकारों से अनुरोध किया है। राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों से अभी तक प्राप्त विचारों को **अनुबंध** में दिया गया है।

***

अनुबंध

दिनांक 17.03.2020 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3820 के भाग (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

क्र.सं.	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र**	**मध्यवर्ती और जिला स्तर पर पंचायत के अध्यक्ष के निर्वाचन के संबंध में राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों से प्राप्त विचार**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप	प्रत्यक्ष निर्वाचन की आवश्यक्ता है
2	असम	प्रत्यक्ष निर्वाचन की आवश्यक्ता है
3	बिहार	अप्रत्यक्ष निर्वाचन सही हैं
4	छत्तीसगढ़	अप्रत्यक्ष निर्वाचन सही हैं
5	गुजरात	अप्रत्यक्ष निर्वाचन सही हैं
6	हिमाचल प्रदेश	अप्रत्यक्ष निर्वाचन सही हैं
7	कर्नाटक	अप्रत्यक्ष निर्वाचन सही हैं
8	पंजाब	अप्रत्यक्ष निर्वाचन सही हैं
9	सिक्किम	प्रत्यक्ष निर्वाचन की आवश्यक्ता है
10	उत्तराखंड	प्रत्यक्ष निर्वाचन की आवश्यक्ता है
11	उत्तर प्रदेश	प्रत्यक्ष निर्वाचन की आवश्यक्ता है
12	पश्चिम बंगाल	अप्रत्यक्ष निर्वाचन सही हैं